भरोसा रख साईं नाथ पर

तेरी बिगड़ी को साईं ही बनायेगे भरोसा रख साईं नाथ पर
वो ही तुझको गले से लगाये गे भरोसा रख साईं नाथ पर
तेरी बिगड़ी को साईं ही बनायेगे......

करले इबादत इनकी बंदे कट जायेगे जग के फंदे
सब कुछ कर दे साईं हवाले छोड़ के सारे गोरख धंदे
वो ही डुबो को पार लगाये गे भरोसा रख साईं नाथ पर
वो ही तुझको गले से लगाये गे भरोसा रख साईं नाथ पर
तेरी बिगड़ी को साईं ही बनायेगे......

द्वार साईं का सब से आला साईं सबका है रखवाला
शिर्डी का जोगी है लेकिन पूरी मुरादे करने वाला
वो ही आशा के दीप जलायेगे भरोसा रख साईं नाथ पर
वो ही तुझको गले से लगाये गे भरोसा रख साईं नाथ पर
तेरी बिगड़ी को साईं ही बनायेगे......

छोड़ के झूठा सारा जमाना हो जा बंदे साईं दीवाना,
आकर शिर्डी देख जरा तू मिल जाएगा साईं खजाना
तेरी आँखों से आंसू चुराए गे भरोसा रख साईं नाथ पर
वो ही तुझको गले से लगाये गे भरोसा रख साईं नाथ पर
तेरी बिगड़ी को साईं ही बनायेगे......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22164/title/bhrosa-rakh-sai-nath-par

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |